अहिन्दीभाषी क्षेत्र के छात्र पढ़ेगें ठकुरेला की रचनाएँ

अहिन्दीभाषी क्षेत्र के छात्र पाठ्यक्रम में साहित्यकार त्रिलोक सिंह ठकुरेला की रचनाएँ पढ़ेंगे । नयी शिक्षा नीति एवं राष्ट्रिय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (स्कूली शिक्षा) 2023 के अनुरूप केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अहिन्दीभाषी क्षेत्र के कक्षा 3, 4 तथा 5 के छात्रों के लिए तैयार की गयी 'सरस हिन्दी पाठ्यपुस्तक' में त्रिलोक सिंह ठकुरेला की रचनाएँ संकलित की गयी हैं । उल्लेखनीय है कि राजस्थान साहित्य अकादमी तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी सहित अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित त्रिलोक सिंह ठकुरेला की रचनाएँ महाराष्ट्र राज्य की दसवीं कक्षा की हिन्दी पाठ्यपुस्तक 'हिन्दी कुमारभारती' सहित तीस से अधिक पाठ्यपुस्तकों में सम्मिलित की गयी हैं । त्रिलोक सिंह ठकुरेला ने हिन्दी साहित्यकार के रूप में बाल साहित्य तथा कुण्डलिया एवं मुकरी जैसी साहित्यिक विधाओं के उन्नयन के लिए सराहनीय कार्य किया है ।

ISSN:2583-8849